आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 29 लखनऊ, सोमवार 07 नवम्बर 2022 से 13 नवम्बर 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## ‘जन गण मन, वंदे मातरम’ का है समान दर्जा, केंद्र ने HC से कहा– करना चाहिए बराबर सम्मान

केंद्र सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि ‘जन गण मन’ और ‘वंदे मातरम’ दोनों एक ही स्तर पर हैं और देश के प्रत्येक नागरिक को दोनों के प्रति समान सम्मान दिखाना चाहिए। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका पर जवाब देते हुए कही है। जिसमें राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के बीच उपचार की समानता के लिए प्रार्थना की गई है और साथ ही राष्ट्रीय गीत ‘वंदे मातरम’ को समान सम्मान और दर्जा देने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने के लिए प्रार्थना की गई है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका पर गृह मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, कानून और न्याय मंत्रालय और अन्य से जवाब मांगा था। याचिका में केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने की भी मांग की गई है



कि प्रत्येक कार्य दिवस पर सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में ‘जन–गण–मन’ और ‘वंदे मातरम’ बजाया और गाया जाए और साथ ही दिशा–निर्देश तैयार करें। २४ जनवरी १९५० को संविधान सभा का प्रस्ताव, मद्रास उच्च न्यायालय और भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के साथ पढ़ा गया। याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय, वकील और भाजपा नेता ने कहा कि भारत राज्यों का एक संघ है और राज्यों का संघ या परिसंघ नहीं है। एक ही राष्ट्रीयता है यानी भारतीय और ‘वंदे मातरम’ का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। देश को एकजुट रखने के लिए, जन गण मन और वंदे मातरम को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय नीति तैयार करना सरकार का कर्तव्य है। ऐसा कोई कारण नहीं है कि इसे किसी अन्य भावना को जगाना चाहिए क्योंकि दोनों संविधान निर्माताओं द्वारा तय किए गए हैं।

## डेंगू की रोकथाम के लिए निगरानी बढ़ाएं, हर मरीज को जरूरी उपचार मिलेः योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डेंगू के मामलों को देखते हुए शनिवार को नोडल अधिकारियों को निगरानी बढ़ाने और रोकथाम की व्यवस्था की समीक्षा के लिए दोबारा क्षेत्र में जाने के निर्देश दिए। योगी ने इस बात पर जोर दिया है कि अस्पताल में पहुंचने वाले हर मरीज का हर हाल में जरूरी इलाज हो। उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ने गोरखपुर जाने से पहले शनिवार को यहां पांच अपने सरकारी आवास पर डेंगू की रोकथाम पर एक समीक्षा बैठक की। प्रवक्ता के अनुसार बैठक में योगी ने कहा कि डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं, निगरानी गतिविधियां बढ़ाई जाए और सभी नगर निगमों एवं स्थानीय निकायों द्वारा साफ–सफाई, फॉगिंग, लार्वा रोधी छिड़काव के लिए विशेष अभियान



चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू मरीजों के लिए मिशन मोड में डॉक्टरों एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए। उनका कहना था कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पताल में पहुंचने वाले प्रत्येक मरीज का हर हाल में इलाज हो।

## योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शोध कार्य को बढ़ावा देना डॉक्टरों और चिकित्सा शिक्षकों की जिम्मेदारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां बीआरडी मेडिकल कलेज के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर स्वर्ण जयंती मुख्य द्वार का उद्घाटन किया और नर्सिंग कॉलेज के छात्रों के लिए १०० सीटों वाले छात्रावास की आधारशिला रखी। उन्होंने डॉक्टरों और चिकित्सा शिक्षकों से शोध कार्य को बढ़ावा देने की अपेक्षा की। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता है और वह अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करा रही है एवं अनुसंधान डॉक्टरों की जिम्मेदारी है। योगी ने कहा कि केवल बीमारी का इलाज ही महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि बीमारी का मुख्य कारण भी महत्वपूर्ण है ताकि इसे प्रभावी ढंग से रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देना डॉक्टरों और चिकित्सा शिक्षकों की जिम्मेदारी है और सरकार इसमें हर संभव मदद करेगी। इंसेफेलाइटिस के लिए अपने संघर्ष को याद करते हुए योगी ने कहा, ”इन्सेफेलाइटिस के खिलाफ १९९८ में आंदोलन शुरू हुआ और दुर्भाग्य से उस समय कोई शोध पत्र नहीं था। डक्टरों के लिए, प्रत्येक रोगी अनुसंधान का केंद्र है और वे अपना दैनिक पाठ्यक्रम पूरा करते हुए शोध कार्य को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने मेडिकल के छात्रों को न केवल पुस्तकालयों तक सीमित रहने बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कदम रखने, बीमारी के कारणों का पता लगाने और शोध पत्रों को पूरा करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तीर्ण कर बाहर आने डॉक्टर अपने अनुभवों के आधार पर शोध पत्र तैयार करें और राज्य सरकार उनके अनुभवों एवं सुझावों पर गौर करेगी। उन्होंने कहा कि अगर अनुसंधान और विकास कार्य प्रतिबंधित हो जाते हैं, तो हम पिछड़ जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में चिकित्सा अवसरंचना और शिक्षकों की कोई कमी नहीं है तथा अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देने और उसी के अनुसार पाठ्यक्रम चलाने की आवश्यकता है। इससे उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। हम अनुसंधान के साथ चिकित्सा प्रणाली को नई ऊंचाइयां दे सकते हैं।

## नेपाल आम चुनाव के लिए ७२ घंटे के लिए भारत से लगी सीमा सील

नई दिल्ली। पड़ोसी देश नेपाल में २० नवंबर को होने जा रहे आम चुनाव से पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की सीमा पार आवाजाही को रोकने के लिए १७ नवंबर से ७२ घंटे के लिए भारत–नेपाल सीमा को सील कर दिया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। महराजगंज के जिलाधिकारी (डीएम) सतेंद्र कुमार ने बताया, दोनों देशों के पड़ोसी जिलों के अधिकारियों की समन्वय समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक में ७२ घंटे के लिए सीमा सील करने का निर्णय लिया गया। उनके अनुसार इस बैठक में दोनों देशों के स्थानीय प्रशासन, पुलिस, सीमा सुरक्षा बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), सेना, सीमा शुल्क, आव्रजन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि नेपाल में २० नवंबर को होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव को लेकर शनिवार को नेपाल के रूपनदेही जिले के छपिया के एक होटल में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीमा पर



अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का निर्णय लिया गया। नेपाल के लुंबिनी प्रांत के रूपन्देही, कपिलवस्तु और पश्चिम नवलपरासी के मुख्य जिला अधिकारियों तथा भारत के सिद्धार्थनगर और महाराजगंज जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों ने शनिवार को नेपाल के छपिया में आयोजित समन्वय बैठक में भाग लिया।

## गोला उपचुनाव में जीत को सीएम योगी ने बताया विराट विजय, ट्वीट कर दी बधाई

लखनऊ। लखीमपुर खीरी की गोला गोकर्णनाथ सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अमन गिरी ने अपने प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विनय तिवारी को बड़े अंतर से हरा दिया है। इसको लेकर बीजेपी में जबरदस्त उत्साह है। इस जीत की बधाई यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने लिखा है ”उ. प्र. की गोला गोकर्णनाथ विधान सभा सीट पर उप चुनाव में जीत की विराट विजय की सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई! यह शानदार जीत डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक–कल्याणकारी नीतियों के प्रति अटूट जन–विश्वास का प्रतीक है। आभार गोला गोकर्णनाथ वासियो!

## लखनऊ में फिर बढ़े डेंगू मरीज

लखनऊ। राजधानी में डेंगू मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। पिछले सप्ताह यहां हर दिन १८ से २० केस मिल रहे थे लेकिन अब ये संख्या ४२ तक पहुंच चुकी है। रविवार को यहां ४२ डेंगू मरीज पाये गये। वहीं दूसरी स्थिति न बिगड़ने पाये इसको देखते हुए अब यहां जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और कमिश्नर रोशन जैकब ने भी मोर्चा संभाला है। उन्होने सरकारी अस्पताल में सभी इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# सम्पादकीय

## अब आंख खुल जानी चाहिए

अगर धनी देश इस भ्रम में थे कि वो अपनी समृद्धि और व्यवस्थागत कौशल के कारण वे जलवायु परिवर्तन की मार से बचे रहेंगे, तो अब उनकी आंख खुल जानी चाहिए। जिस समय दुनिया जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के २७वें सम्मेलन के लिए तैयार हो रही है, ये तथ्य सामने आयां है कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण सबसे ज्यादा गर्म यूरोप का वातावरण हुआ है। साफ है कि जलवायु परिवर्तन की मार देर–सबेर सब पर पड़ेगी। ताजा रिपोर्ट गैर सरकारी संस्था– विश्व मौसम विज्ञान संस्थान (डब्लूएमओ) ने जारी की है। उसके मुताबिक गुजरे ३० साल में पृथ्वी के दूसरे भूभागों की तुलना में यूरोप करीब दोगुनी तेजी से गर्म हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक इस गर्मी की वजह से यूरोप भीषण सूख भी झेल रहा है और तेजी से आल्प्स के ग्लेशियर भी खो रहा है। यह गर्मी भूमध्यसागर को भी तपा रही है। यूरोप गर्म होती दुनिया की लाइव तस्वीर पेश कर रहा है और बता रहा है कि अच्छी तरह तैयार समाज भी मौसमी अति की घटनाओं से सुरक्षित नहीं हैं। गौरतलब है कि १९९१ से २०२१ के बीच यूरोप का औसत तापमान हर दशक में ०.५ डिग्री सेल्सियस बढ़ा। इसी समयावधि में बाकी दुनिया का तापमान हर दसवें साल में ०.२ डिग्री सेल्सियस के औसत से बढ़ा। २०२१ में जलवायु परिवर्तन की वजह से यूरोप में इतनी मौसमी आपदाएं आईं कि ५० अरब डॉलर का नुकसान हुआ। ताजा रिपोर्ट ने बताया है कि यूरोप का ज्यादातर इलाका उप–आर्कटिक और आर्कटिक क्षेत्रों से मिलकर बना है। इस वजह से गर्मियों में यूरोप के ऊपर कम बादल मंडरा रहे हैं, जिससे सूरज की सीधी किरणें सतह पर पहुंचकर तपिश पैदा कर रही हैं। कुछ वैज्ञानिक यूरोप को "हीटवेव का हॉटस्पॉट" कह रहे हैं। छह नवंबर से मिस्र एक शर्म अल शेख में विश्व जलवायु सम्मेलन कप–२७ शुरू हो रहा है। अगर धनी देशों की आंख कुल गई हो, तो उनके नेता वे वहां कुछ ऐसे फैसले ले सकते हैं, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि को रोका जा सकेगा। ऐसे कदम उठाए गए, तो सारी दुनिया सुरक्षित होगी।

## फील्ड में उतरे डीएम, सिविल हस्पिटल में देखा डेंगू रोगियों का हाल

लखनऊ। यूपी में डेंगू का प्रकोप अपने चरम पर है। सरकार इसको लेकर लगातार सभी व्यवस्थाएं



दुरुस्त होने का दावा कर रही है। कल सीएम योगी आदित्यनाथ ने बैठक कर अधिकारीयों को फील्ड में उतरने के आदेश दिए थे। इसी कड़ी में आज डेंगू व संचारी रोगों के ष्टिगत जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार फील्ड में उतरे। डीएम आज अचानक राजधानी के सिविल हस्पिटल पहुंचे जहां उन्होंने डेंगू रोगियों के उपचार की व्यवस्था का जायजा लिया है। अपने निरीक्षण के दौरान डीएम ने चिकित्सको से डेंगू रोगियों को उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने साफ निर्देश दिए हैं कि अस्पताल में इलाज के दौरान रोगियों और उनके परिजनों को कोई असुविधा न हो।

## स्कूलों में चलेगा जागरुकता अभियान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डेंगू मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है, रविवार को यह आंकड़ा एक हजार के करीब पहुंच चुका है। ऐसे में बलरामपुर अस्पताल की तर्ज पर सिविल और लोकबंधु अस्पताल में भी वेदों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। वहीं शहर के सभी स्कूलों में हर दिन २० मिनट बच्चों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा, लापरवाही मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया, मौजूदा समय में लापरवाही ठीक नहीं है, ऐसे में बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाने का आदेश दिया गया है।

## बढ़ते डेंगू के खतरे को देखते हुए अब मंडलायुक्त ने खुद संभाली कमान

लखनऊ। राजधानी में बढ़ते डेंगू के खतरे को देखते हुए अब मंडलायुक्त लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब ने कमान संभाली है। डॉ रोशन जैकब ने आलमबाग स्थित गीतापल्ली, चंदर नगर समेत कई इलाकों का किया दौरा रविवार को किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से फगिंग और एंटी लार्वा के छिड़काव के बारे में भी जानकारी ली, कई लोगों ने उनसे फागिंग न होने की शिकायत की है जिसके बाद मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि



समय से फागिग कराया जाये। वहीं कमिश्नर ने डेंगू पर काबू के लिए ३ स्तरों पर कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में डीएम और नगर आयुक्त को भी शामिल किया गया है। कमिश्नर के साथ निरीक्षण में नगर आयुक्त और सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल भी शामिल हुए। सरकारी से लेकर प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू के साथ बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। सरकारी अस्पतालों मे मरीजों की संख्या १ हजार के पर भर्ती हैं।

## प्रदेश की राजधानी में स्वास्थ्य सेवायें बदहाल

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी में स्वास्थ्य सेवायें बदहाल हैं। डेंगू व वायरल बुखार ने हालत और खराब कर दिये हैं। मरीजों की भारी संख्या को देखते हुये अस्पतालों में मौजूदा संसाधान नकाफी साबित हो रहे हैं। आम आदमी हो या फिर खास इलाज मिलना यहां किस्मत की बात नजर आ रही है। सबसे बुरी स्थिति राजधानी स्थित डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल की बताई जा रही है। ताजा मामला उपमुख्यमंत्री के यहां से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के यहां से मरीज को उचित इलाज देने के लिए फोन भी किया गया। उसके बाद भी मरीज को चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों के व्यवहार से तंग आकर अस्पताल से भागना पड़ा। अपनी यह पीड़ा मरीज ने सोशल मीडिया पर भी साझा की है। श्याम कुमार नाम के बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि उन्हें बीते कई दिनों से तेज बुखार होने पर इलाज के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निजी सचिव से मदद मांगी। वहां से तत्काल मदद मिली और उन्हें एम्बुलेंस लेने आ गई। बुजुर्ग मरीज को एंबुलेंस के जरिये सिविल




अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचाया गया। वहां पर मौजूद जूनियर चिकित्सकों ने बुजुर्ग के इलाज में काफी मेहनत की, लेकिन इमरजेंसी के सीनियर डॉक्टर का व्यवहार ठीक नहीं रहा। किसी तरह श्याम कुमार को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया,बाद में उन्हें इलाज के लिए प्रथम तल पर भेज दिया गया। श्याम कुमार ने बताया कि वहां पर बोतल लगाकर छोड़ दिया गया। जिससे मेरी तबीयत और खराब हो गई। जब इसके बारे में डॉक्टरों को बताना चाहा,तो कोई सुनने वाला नहीं था। मरीज ने बताया कि जब समुचित इलाज नहीं मिला,तो वहां से मैं भाग आया। हालांकि मरीज की हालत अभी बहुत खराब बताई जा रही है। लौटते समय सड़क पर गिरने से बुजुर्ग मरीज को चोट लग गई। जिससे उनकी समस्या और बढ़ गई है। लोग सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आते हैं तब काम पर भी नहीं जा पाते और यहां इलाज भी नहीं मिलता, सिर्फ दौड़ाया जाता है। मरीज के अस्पताल से जाने की जानकारी मिली है। मरीज का इलाज बाधित न हो इसके लिए एक बार फिर एंबुलेंस मरीज के घर भेजी गई है। जल्द ही मरीज का इलाज शुरू कर दिया जायेगा डॉ .आर. पी. सिंह, सीएमएस,सिविल अस्पताल।

## समाज कल्याण की योजनाओं में रुकेगा भ्रष्टाचार

लखनऊ। समाज कल्याण मंत्रालय और आईआईटी कानपुर अब मिलकर, नवीन तकनीक का प्रयोग कर स्कीम के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार पर रोक लगाएगे। साथ ही नागरिक सेवाओं को सुलभ और आसान बनाने के लिए काम करेंगे। लाभार्थियों के डाटा को सुरक्षित रखने और निजता (प्राइवेसी) के उच्चतम मानक को फालो किया जाएगा जिसके लिए आईआईटी कानपुर सलाहकार का काम करेगा। इस प्रकार की व्यवस्था स्थापित की जाएगी जिसमें सिस्टम स्वयं संभावित गड़बड़ियों को चिन्हित करेगा और जमीनी परीक्षण के लिए रहेगा। इसके लिए दोनों संस्थानों के बीच एमओयू किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए समाज कल्याण निदेशालय निदेशक राकेश कुमार ने बताया इस एमओयू से काफी फायदा होगा। इसके लिए अनलाइन मीटिंग आयोजित हुई, जिसमे आईआईटी कानपुर से डा. मणींद्र अग्रवाल और डा. निशीथ श्रीवास्तव के साथ समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण भी शामिल हुए।

## जिला जेल में हत्यारोपी बंदी ने लगाई फांसी

लखनऊ। जिला कारागार में शनिवार सुबह जेल में बंदी राहुल नूतन गिरि ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आननफानन में जेलकर्मी उसको लेकर बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कचहरी के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया। जाम की सूचना पर एडीसीपी चौक, कैसरबाग समेत तीन थानों की पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर परिजनों ने सड़क पर लगे जाम को खुलवाया। बता दें कि बीते ६ सितंबर को हत्या के मामले में सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर के रामपुर निवासी नूतन गिरि को विकास नगर पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह बैरक खुलने पर वह बाकी बंदियों के साथ बाहर आया और छत की सीढ़ियों के पास पहुंचा। सीढ़ियों की रेलिंग में गमछे के सहारे फांसी लगा कर उसने आत्महत्या कर ली। राहुल के भाई पंकज ने बताया कि जेल प्रशासन ने फोन पर राहुल के फांसी लगाने की सूचना दी। जैसे ही वह लोग परिवार समेत बलरामपुर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। पंकज ने अंदेशा जताया कि राहुल की हत्या के बाद शव फंदे से लटकाया गया है। वहीं, वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि राहुल को फंदे से लटकते देखकर बाकी कैदियों ने शोर मचाया। जिससे जेल कर्मियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के दौरान मजिस्ट्रेट मौजूद रहेंगे।

# ५५३वें प्रकाशोत्सव से पहले लखनऊ में निकली नगर कीर्तन यात्रा

लखनऊ। ८ नवंबर को सिख समाज के पहले गुरु यानी कि जगत गुरु साहिब गुरु नानक देव



जी का ५५३वां प्रकाश उत्सव पर्व मनाया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में आज रविवार को सुबह ११ बजे फूलों से सजी पालकी में गुरुग्रंथ साहिब और ५ प्यारों की अगुवाई में नाका हिंडोला गुरुद्वारा से नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर कीर्तन में हजारों की संख्या में सिख समाज के लोग शामिल हुए। वहीं खालसा इंटर कलेज के बच्चों ने जूडो कराटे का प्रदर्शन किया जिसे देखकर संगत ने खूब तारीफ की। इसके अलावा इस नगर कीर्तन में गुरु नानक गर्ल्स इंटर कलेज, गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कलेज, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कालेज चंदन नगर, गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कलेज बासमंडी के बच्चों और बच्चियों ने बड़ी ही श्रद्धा और प्रेम से भाग लिया और उन्होंने फुल ड्रेस में संगत को अपना प्रदर्शन दिखाया। वहीं गुरु नानक देव जी के भजन पर बच्चियों ने शानदार नृत्य करते हुए संगत का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस दौरान नगर कीर्तन में गुरुग्रंथ साहिब की पालकी और ५ प्यारों के पहले सिख समुदाय के लोग झाड़ू लगाते और पुष्प की वर्षा करते हुए आगे बढ़ रहे थे। हुसैनगंज, भानमती चौराहा, बासमंडी होते हुए यह नगर कीर्तन शाम को वापस नाका हिंडोला गुरुद्वारा पहुंचा। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि ८ नवंबर को डीएवी कलेज के ग्राउंड में गुरु नानक देव जी की ५५३वां प्रकाश उत्सव पर्व मनाया जाएगा। इस प्रकाश उत्सव में करीब ३५ से ४० हजार लोग शामिल होंगे। वहीं उन्होंने लखनऊ और प्रदेश वासियों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव की बधाई दी और अपील करते हुए कहा कि प्रभु की आराधना के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित हो और इस पर्व को धूमधाम से मनाए।

## अब्बास अंसारी को सपा के नेता बताकर ओपी राजभर ने अखिलेश पर साधा निशाना

लखनऊ। सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने मऊ पहुंचने पर रविवार को एक चौनल पर दिए बयान में मुख्तार अंसारी के बेटे और पार्टी के विधायक अब्बास अंसारी को समाजवादी पार्टी का नेता बताया। कहा कि अखिलेश यादव ने मुझे खत्म करने के लिए यह चाल चली थी। सपा ने डमी उम्मीदवारों को हमारी पार्टी से टिकट देकर यह प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी से गठबंधन में हमारी पार्टी को १२ सीटें दी गई। उसमें से सपा नेता अब्बास अंसारी को हमारी पार्टी का सिंबल दिया गया था। जबकि आज विधायक समाजवादी पार्टी का झंडा लगाकर घूमते हैं। अब पार्टी में उन गलतियों को सुधार कराते हुए आगे बढ़ा जा रहा है। सुभासपा मुखिया ने अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि 'अखिलेश को बहुत घमंड हो गया था। उन्होंने जहां पर भी टिकट दिया यह चाहा कि ओमप्रकाश राजभर हार जाए। सरकार तो हमारी बन रही है।



अगर ओम प्रकाश के विधायक नहीं रहेंगे तो यह क्या कर पाएंगे।' उल्लेखनीय है कि गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव में सपा उम्मीदवार की हार के बाद सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर का अखिलेश यादव पर आया यह बयान सियासी दलों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## आलमबाग में गंदगी पर सेनेटरी इंस्पेक्टर सस्पेंड

लखनऊ। राजधानी में डेंगू जिस तरह से पैर पसार रहा है, उससे अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों स्थिति भयानक हो सकती है। ऐसे में मंडलायुक्त रोशन जैकब ने रविवार को आलमबाग क्षेत्र का दौरा किया तो अधिकारियों की लापरवाही भी देखने को मिली है। नगर आयुक्त इंद्रजीत को यहां गंदगी के ढेर और सिल्ट से बजबजाती नालियां देख नाराजगी जताई। मौके से गायब सफाई इंस्पेक्टर वीरभद्र को तत्काल सस्पेंड कर दिया। इसके बाद मशीन मंगवाकर पांच किलोमीटर तक नाले की सफाई करवाई। कमिश्नर के बाद नगर आयुक्त ने आलमबाग क्षेत्र का निरीक्षण शुरू किया। गीतापल्ली, पवनपुरी, सुजानपुरा तथा ओमनगर में तमाम जगह गंदगी मिली। नगर आयुक्त यहां की स्थिति देख काफी नाराज हुए। लोगों ने नाला दिखाया जो सिल्ट से बजबजा रहा था। नाला जाम होने से नालियां भी भरी हुई थीं। उन्होंने तुरन्त मशीनें मंगवाकर नाले की सफाई शुरू करा दी। नगर आयुक्त चार घंटे क्षेत्र का भ्रमण कर साफ सफाई का जायजा लिया।

# प्रोफेसर पाठक की जहां-जहां पोस्टिंग रही, सटीएफ की टीम ने वहां-वहां डाल रखा डेरा

लखनऊ। एक करोड़ ४१ लाख की रिश्वतखोरी के आरोप में फंसे कानपुर विवि के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक की जहां-जहां पोस्टिंग रही है, एसटीएफ की टीम ने वहां-वहां डेरा डाल रखा है। इसके साथ ही एसटीएफ ने विनय पाठक के करीबी अजय जैन को भी आज गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि अजय जैन आरोपी विनय पाठक के पैसे को मैनेज करता था। गिरफ्तार आरोपी के पास से १० लाख नगद भी बरामद हुआ है। वहीं एसटीएफ ने पाठक के संपर्क में रहने वाले लोगों की एक सूची तैयार किया है। सूची में शामिल सभी लोगों की कल डिटेल भी खंगाल रही है। जिससे साफ हो सके कि पाठक द्वारा चलाए जा रहे इस खेल में कौन-कौन उनका साथ दिया था। बता दें कि कानपुर की छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी के कुलपति (वीसी) विनय कुमार पाठक के खिलाफ बिल पास करने के नाम पर कमीशन की रकम वसूलने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई है। ये कमीशन खोरी का मामला आगरा के अंबेडकर यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त प्रभार के दौरान का है। प्रदेश के शिक्षा जगत में विनय पाठक चर्चित नाम हैं। विनय को एक ऐसे शख्स के तौर पर माना जाता है जिसने जो चाहा वह किया। अब एसटीएफ ने कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी, लखनऊ के अब्दुल



कलाम आजाद टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू), ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा यूनिवर्सिटी लखनऊ, आगरा के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी समेत अन्य जगहों पर एसटीएफ की अलग-अलग टीमों ने डेरा डाल रखा है। जहां विश्वविद्यालय के कर्मचारियों समेत अधिकारियों से पूछताछ कर ब्योरा जुटाई जा रही है। सूत्रों की माने तो कई लोगों के मोबाइल फोन को भी कब्जे में लिया गया है। एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि जांच में पता लगा है कि पाठक ने अपनी तैनाती के दौरान पहले तो करीबी लोगों को विभिन्न पदों पर लगाया और अगर कहीं कोई करीबी नहीं मिला तो दूसरे विश्वविद्यालयों से बुलाकर नियुक्ति करके उसे जिम्मेदारी सौंपी। ये लोग पाठक के इशारे पर हर तरह के काम करते रहे। प्रो. विनय कुमार पाठक के खिलाफ जांच में उनका साथ देने वाले अलग-अलग विश्वविद्यालयों के करीब २० अधिकारियों-कर्मचारियों के शहर छोड़कर जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। एसटीएफ ने इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन करके इसकी जानकारी दी है। इसके बाद से ही विश्वविद्यालयों में और भी खलबली मची है। साथ ही फाइलों को मेंटेन करने का काम भी शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि इन सभी लोगों से जल्द ही एसटीएफ पूछताछ करेगी।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में ४७३४ लोगों को मिला लाभ

लखनऊ। राजधानी के सभी ग्रामीण व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों(पीएचसी) पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ। आरोग्य मेले में कोविड टीकाकरण, गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधायें दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रमों के तहत बास्केट अफ च्वाइस के बारे में मेले में आने वाले लोगों को बताया जा रहा है और इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी मुहैया कराए जा रहे हैं। सीएमओ ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल ४७३४ लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें १८५६ पुरुष, २०२४ महिलायें और ८५१ बच्चे शामिल




हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के ६४ लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही ४८ लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए द्य एमवेड के सहयोग से डेंगू से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन सामान्य को जागरूक किया गया।

## देहरादून एक्सप्रेस में हाईकोर्ट के वकील की हालत बिगड़ी

कानपुर। सूबेदारगंज से देहरादून जाने वाली देहरादून एक्सप्रेस (१४११३) में पनकीधाम स्टेशन के पास अधेड़ उम्र के हाईकोर्ट के वकील की अचानक तबीयत बिगड़ गई। पास में बैठी महिला यात्री उनकी हालत बिगड़ती देख घबरा गईं। आसपास मौजूद यात्रियों को जब पता चला तो हड़कंप मच गया। फौरन यात्रियों ने मानवता दिखाते हुए उनके हाथ मलना शुरू किया। काफी देर तक ट्रेन में खलबली मची रही। मैनपुरी के रहने वाले महेंद्र नाथ पांडेय प्रयागराज हाईकोर्ट में सिविल मामलों के अधिवक्ता हैं। शुक्रवार की रात वह सबदरगंज से देहरादून जाने वाली ट्रेन से अकेले इटावा जा रहे थे। ट्रेन कानपुर सेंट्रल करीब पौने १२ बजे पहुंची। दस मिनट बाद जब ट्रेन चली, पीछे की जनरल कोच में बैठे अधिवक्ता पांडेय की अचानक तबीयत बिगड़ गई।

# भूपेंद्र का रिकॉर्ड नरेंद्र से ज्यादा मजबूत होना चाहिए : मोदी

नई दिल्ली। गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद पीएम मोदी ने खुद से मोर्चा संभाल लिया है। इसी क्रम में अपने गृह राज्य गुजरात के वलसाड़ जिले में चुनाव प्रसार करने पहुंचे पीएम मोदी ने लोगों से रिकर्ड तोड़ कर जिताने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मेरी पहली चुनावी सभा मेरे आदिवासी भाइयों और बहनों के आशीर्वाद से शुरू हो रही है। हर गुजराती ने खून–पसीने से एकजुट होकर गुजरात के निर्माण के लिए कड़ी मेहनत की है। पीएम मोदी ने कहा कि हर गुजराती आत्मविश्वास से भरा होता है, इसलिए हर कोई गुजराती बोलता है, भीतर की आवाज बोलती है, हर गुजरात के दिल से एक आवाज निकलती है, मैंने यह गुजरात बनाया है। हम देश के विकास के



लिए गुजरात के विकास की भावना के साथ लगातार काम कर रहे हैं। एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर रहकर पूरे गुजरात और समाज को विकसित करने का अवसर आया है। पीएम मोदी ने कहा कि पहले टंकी बनती थी तो एक महीने तक ढोल बजाया जाता था और हैंडपंप लग जाने पर गांव पेड़ा बांटता था। आज एस्टोल जैसी परियोजनाओं के कारण हम अपने आदिवासी गांवों में २०० मंजिल तक पानी पहुंचाकर पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। एक जमाने में हम डॉक्टरों की तलाश करते थे, आज आदिवासी इलाकों में अस्पताल और मेडिकल कलेज हैं। न तो भूपेंद्र और न ही नरेंद्र यह चुनाव लड़ रहे हैं। गुजरात के प्यारे भाइयों और बहनों यह चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार मैं अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। भूपेंद्र के रिकॉर्ड नरेंद्र से ज्यादा मजबूत होने चाहिए, मैं उसके लिए काम करना चाहता हूं।

## एलन मस्क का खुलासा, इस महीने में भारत में लॉन्च होगा 'ट्विटर ब्लू टिक'

नई दिल्ली। ट्विटर ब्लू के भारत में एक महीने से भी कम समय में शुरू होने की उम्मीद है। एलन मस्क ने ६ नवंबर को इसकी पुष्टि की है। जब प्रभु नाम के एक यूजर ने मस्क को टैग किया और पूछा कि हम भारत में ट्विटर ब्लू रोल आउट की उम्मीद कब कर सकते हैं? जिस पर मस्क ने जवाब दिया उम्मीद है, एक महीने से भी कम। एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफर्म के पहले बड़े बदलाव ट्विटर ने ऐप्पल के ऐप स्टोर में अपने ऐप को ब्लू टिक सत्यापन चिह्नों के लिए ८ डॉलर चार्ज करना शुरू करने के लिए अपडेट किया। यह बदलाव मस्क के ४४ अरब डॉलर के सौदे में सोशल मीडिया कंपनी को संभालने के एक हफ्ते बाद आया है। ट्विटर ने ७.६६ डॉलर प्रति माह के शुल्क पर सत्यापित खातों को दिए जाने वाले 'ब्लू टिक' (नीला निशान) के साथ सब्सक्रिप्शन सेवा शुरू करने की घोषणा की है। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले कंपनी के मालिक एलन मस्क द्वारा खाते को सत्यापित करने की प्रणाली में बदलाव करने की कोशिशों के बीच यह कदम उठाया गया है। अमेरिका,



कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन में एप्पल आईओएस उपकरणों के लिए ट्विटर ने ताजा जानकारी देते हुए कहा कि जो उपयोगकर्ता 'सत्यापन के साथ ट्विटर ब्लू' पर 'अब नया खाता बनाएंगे', वे जानी–मानी हस्तियों, कंपनियों और नेताओं के खाते की तरह अपने खातों में नीला निशान प्राप्त कर सकेंगे।

# केंद्रीय मंत्री ने सत्येंद्र जैन को दिल्ली से बाहर की जेल में स्थानांतरित करने की मांग की

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री सत्येंद्र जैन को दिल्ली से बाहर किसी अन्य कारागार में स्थानांतरित करने की रविवार को मांग की। लेखी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में ठग सुकेश चंद्रशेखर के एक पत्र का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि जैन जेल के अंदर उगाही करने में संलिप्त हैं। जैन को धन शोधन के एक मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था और वह अभी दिल्ली की मंडोली जेल में बंद हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''मैं दिल्ली के उपराज्यपाल, दिल्ली सरकार और न्यायपालिका से जैन को दिल्ली के बाहर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध करता हूं क्योंकि वह धन की उगाही जारी रखने के लिए मंत्री के तौर



पर अपने पद का दुरूपयोग कर सकते हैं।'' चंद्रशेखर ने अपने पत्र में कथित तौर पर कहा है कि जैन ने उससे राज्यसभा की सीट के लिए ५० करोड़ रुपये की मांग की थी और दक्षिण भारत में आप का विस्तार करने के लिए ५०० करोड़ रुपये उपलब्ध कराने के वास्ते ३० लोगों की व्यवस्था करने को भी कहा था। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा उसके (आप के) खिलाफचंद्रशेखर का इस्तेमाल कर रही है क्योंकि उसे (भाजपा को) गुजरात विधानसभा चुनाव और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में हार का डर सता रहा है। आप नेताओं ने चंद्रशेखर को भाजपा का 'स्टार प्रचारक' बताया और कहा कि वह (भाजपा) गुजरात और एमसीडी चुनावों से पहले उसकी रिहाई सुनिश्चित करेगी तथा उसे पार्टी (भाजपा) का सदस्य बनाएगी। लेखी ने इन आरोपों पर कहा कि चंद्रशेखर भाजपा में शामिल नहीं होगा।

## अभिनेत्री पूजा भट्ट के बाद तेलंगाना में राहुल के साथ नजर आए प्रशांत भूषण

हैदराबाद। तेलंगाना में रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' के ६०वें दिन वरिष्ठ वकील एवं



सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण इसमें शामिल हुए। पार्टी सूत्रों ने बताया कि अनुसूचित जातियों के वर्गीकरण के लिए संघर्ष करने वाले संगठन मडिगा आरक्षण पोराटा समिति (एमआरपीएस) के नेता मांडा कृष्ण मडिगा ने भी रविवार सुबह मेडक जिले के अल्लादुर्ग से फिर से शुरू हुई इस पदयात्रा में हिस्सा लिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, ''यह 'भारत जोड़ो यात्रा' का ६० वां दिन है और हर सुबह की तरह यात्रा मैसूर के सेवा दल के 'प्यारी जन' के साथ राष्ट्र गीत, ध्वज गीत और राष्ट्रगान के गायन से शुरू हुई। आज हम मेडक से कामारेड्डी जिले की ओर बढ़ रहे हैं।'' शनिवार को मेडक जिले के पेद्दापुर गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि देश में २०१४ से बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। भारत जोड़ो यात्रा ने २३ अक्टूबर को राज्य में प्रवेश किया था। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना चरण का समापन सोमवार को होगा। वायनाड से सांसद राहुल गांधी कामारेड्डी जिले में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी।

## मैनपुरी और रामपुर सीट पर उपचुनाव के लिए तारीखों का ऐलान, 5 दिसंबर को होगा मतदान, 8 को मतगणना

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने देश के अलग–अलग राज्यों में खाली हुई लोकसभा और विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया है कि उपचुनाव




के लिए ५ दिसंबर को मतदान होंगे जबकि ८ दिसंबर को मतगणना की जाएगी। इसमे मैनपुरी लोकसभा सीट भी शामिल है। आपको बता दें कि हाल में ही मैनपुरी से सांसद रहे मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से यह सीट खाली हुई है। मैनपुरी को लेकर भाजपा और समाजवादी पार्टी के अपने–अपने दावे हैं। मैनपुरी सीट पर उपचुनाव बेहद दिलचस्प हो सकता है। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में अखिलेश यादव के भी प्रतिष्ठा दांव पर रहेगी। इसके अलावा ५ विधानसभा सीटों पर भी उप चुनाव होंगे। इसमें उत्तर प्रदेश का रामपुर सीट भी शामिल है। यहां से आजम खान विधायक थे। हालांकि हेट स्पीच मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद यह सीट खाली हुई है। उत्तर प्रदेश में सपा नेता मोहम्मद आजम खान को अयोग्य ठहराए जाने के बाद खाली हुई रामपुर विधानसभा सीट उन पांच सीट में से एक है जिन पर उपचुनाव होना है। रामपुर से विधायक रहे खान को अप्रैल २०१६ में उनके खिलाफ दर्ज घृणा भाषण के मामले में तीन साल की सजा सुनाए जाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने अयोग्य करार दे दिया था। इसके अलावा ओडिशा में पदमपुर, राजस्थान में सरदारशहर, बिहार में कुढ़नी और छत्तीसगढ़ में भानुप्रतापपुर शामिल हैं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। इन उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया १० नवंबर से शुरू होगी जबकि नामांकन की आखिरी तिथि १७ नवंबर है। २१ नवंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं। १० दिसंबर तक मतदान के सभी प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

# सड़क हादसे में हुई चार लोगों की मौत

लखनऊ। नोएडा से मथुरा लौट रही एक कार के यमुना एक्सप्रेस–वे पर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार रात करीब दस बजे दुल्हा–दुल्हन और बारातियों को लेकर मथुरा आ रही कार ने सुरीर थाना इलाके में आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दुल्हा–दुल्हन घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौतों पर शोक जताते हुए अधिकारियों को घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुरीर कोतवाली प्रभारी संजय त्यागी ने बताया कि राया थाना क्षेत्र के गढ़ी जलसिंह के निवासी चंद्रपाल सिंह (६५) नोएडा में अपने पुत्र की शादी के बाद वापस लौट रहे थे, तभी माइलस्टोन ८७ पर उनकी बोलेरो कार आगे चल रही सियाज कार से टकराकर पलट गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में चंद्रपाल सिंह और दिगम्बर सिंह (४०) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गाड़ी में सवार हरेंद्र नामक व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दुल्हन प्रेमवती (२३), दूल्हे श्याम सुंदर (२८) और दो बच्चियों राखी (६) व प्रियांशी (४) को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार सुबह प्रियांशी की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमर्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

# कांग्रेस ने छोटा राज्य होने के कारण हिमाचल प्रदेश की अनदेखी की, झूठे वादे किए : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उस पर छोटा राज्य होने के कारण हिमाचल प्रदेश को राजनीतिक रूप से महत्व नहीं देने का आरोप लगाया, क्योंकि यहां से लोकसभा के लिए चार सांसद निर्वाचित होते हैं। साथ ही, उन्होंने सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस पर रक्षा सौदों में भ्रष्टाचार में लिप्त होकर कई लोगों की जान से खेलने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि १२ नवंबर को डाला गया प्रत्येक वोट अगले २५ वर्षों के लिए हिमाचल प्रदेश की विकास यात्रा को परिभाषित करेगा। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली में लोगों से स्थिरता और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फिर सत्ता में लाकर एक नयी परंपरा शुरू करने का आग्रह किया। राज्य में विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल को लगातार दूसरी बार जीत नहीं मिलने की परंपरा के मद्देनजर मोदी ने कहा कि जब भी कांग्रेस वापस आती है, सभी विकास कार्य ठप हो जाते हैं। सत्तारूढ़ भाजपा के लिए एक और कार्यकाल की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि बार–बार दवाएं बदलने से न तो बीमारी ठीक होती है और न ही किसी को फायदा होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''अगर आप सरकार से जवाबदेही और जवाब मांगना चाहते हैं, तो आपको इसे फिर से मौका देना चाहिए। हम एक साथ हिमाचल को आगे ले जाएंगे, नया रिवाज शुरू करेंगे, और भाजपा को सत्ता में वापस लाएंगे।'' उन्होंने आरोप लगाया कि झूठे वादे करना और झूठी गारंटी देना कांग्रेस का पुराना हथकंडा रहा है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद ३७० खत्म करने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संदर्भ देते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी अपना घोषणा पत्र भी नहीं खोला, जबकि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करने को लेकर दिन–रात मेहनत करने के लिए जानी जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''क्या हमने ३७० को खत्म करने का वादा पूरा नहीं किया? हमने राम मंदिर का वादा किया था। आज राम मंदिर बन रहा है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि आजादी के बाद कांग्रेस ने रक्षा क्षेत्र में देश का पहला घोटाला किया। मोदी ने मंडी जिले के सुंदरनगर में चुनावी रैली में आरोप लगाया कि अपने शासन के दौरान कांग्रेस हमेशा रक्षा सौदों में कमीशन लेती थी और उसने हजारों करोड़ रुपये के घोटाले किए। मंडी मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का गृह जिला है। ठाकुर ने भी सभा को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि देश रक्षा सामग्री में आत्मनिर्भर बने...वह हमेशा हर रक्षा सौदे में 'कमीशन' चाहती थी। वह अपने नेताओं के खजाने



को भरना चाहती थी। इस वजह से, हथियारों की खरीद में हमेशा देरी होती थी।'' उन्होंने सैनिकों के परिजनों का जिक्र करते हुए कहा, ''सबसे ज्यादा दुख किसने झेला? हिमाचल प्रदेश की बहादुर मां ने अपने बेटे को सीमा पर भेजा, सबसे ज्यादा नुकसान उन बहनों का हुआ, जिन्होंने अपने भाइयों को खो दिया।'' मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हथियारों के सौदे में कमीशन लेकर कई लोगों की जान से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा, ''केवल तीन से चार लोकसभा सांसदों के साथ छोटा राज्य होने के नाते कांग्रेस ने इसे राजनीतिक रूप से महत्व नहीं दिया। अपनी सोच के कारण कांग्रेस ने कभी भी हिमाचल के विकास को प्राथमिकता नहीं दी और राज्य पिछड़ गया।'' उन्होंने कहा, ''इस बार हिमाचल चुनाव खास है क्योंकि १२ नवंबर को डाला गया प्रत्येक वोट सिर्फ आने वाले पांच साल के लिए नहीं है, बल्कि यह अगले २५ वर्षों के लिए राज्य की विकास यात्रा को परिभाषित करेगा।'' उन्होंने कांग्रेस पर २०१२ के चुनावी घोषणा पत्र में किए एक भी वादे को पूरा नहीं करने और 'वन रैंक वन पेंशन' योजना को लागू नहीं करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि ४० साल तक कांग्रेस सेना के जवानों को 'वन रैंक वन पेंशन' देने का वादा करती रही। प्रधानमंत्री ने कहा, ''कई वर्षों तक केंद्र में रहने के बावजूद, कांग्रेस ने इसे कभी लागू नहीं किया। सिर्फ दिखावे के लिए, उसने बजट में सिर्फ १००–२००–३०० करोड़ रुपये आवंटित किए। लोगों को धोखा देना, झूठे वादे करना, चुनाव जीतना और फिर उसे भूल जाना, यही उनका चरित्र है।'' मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिए सरकार बनाना और सरकार में रहना 'राजपाट' चलाने जैसा है। अपने संबोधन की शुरुआत में मोदी ने उस समय को याद किया, जब उन्होंने अपने पार्टी संगठन के लिए काम करते हुए कई साल राज्य में गुजारे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''कुछ हफ्ते पहले भारत ने आजादी के ७५ साल पूरे किए। जब भारत अपनी आजादी के १०० साल पूरे करेगा, उसी समय के आसपास हिमाचल प्रदेश भी अपने गठन के १०० साल पूरे करेगा। इसलिए, अगले २५ साल बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं।'' हिमाचल प्रदेश के लिए तेजी से प्रगति और स्थिर सरकार को जरूरी बताते हुए मोदी ने कहा, ''मुझे खुशी है कि हिमाचल के लोग, यहां के युवा, मां और बहनें इसे अच्छी तरह से समझते हैं।'' मोदी ने दावा किया कि लोग जानते हैं कि भाजपा स्थिरता के लिए खड़ी है और उसने ''सेवा भाव', ''सम–भाव'' रखते हुए विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि इसलिए हिमाचल प्रदेश के लोगों ने भाजपा को सत्ता में वापस लाने का फैसला किया है। इससे पहले, मोदी ने अपने संबोधन में भारत के प्रथम मतदाता श्याम सरन नेगी के निधन पर शोक जताया। नेगी का हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में उनके आवास पर शनिवार सुबह निधन हो गया। वह १०६ वर्ष के थे। नेगी ने दो नवंबर को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के जरिये वोट डाला था।

## काशी रेलवे स्टेशन का होगा पुनर्विकास, स्टेशन का डिजाइन काशी के धार्मिक और मंदिरों की संस्कृति के अनुरूप : रेल मंत्री

वाराणसी। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण काशी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा और इसका डिजाइन काशी के धार्मिक और मंदिरों की संस्कृति को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि ३५० करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का पुनर्विकास करने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। रेल मंत्री ने अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को काशी स्टेशन और राजघाट पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, " स्टेशन का डिजाइन काशी के धार्मिक और मंदिरों की संस्कृति को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएगा। काशी स्टेशन को जल और नभ मार्ग से जोड़ने की भी तैयारी है।" बकौल वैष्णव, "इसकी डिजाइनिंग पर काम चल रहा है। डिजाइन तय होने के बाद प्रधानमंत्री से स्वीकृति ले कर काम शुरू कराया जाएगा।" उन्होंने ने कहा, "इनलैंड वाटर वे प्रधानमंत्री




नरेंद्र मोदी की संकल्पना है। इनलैंड वाटर वे की जेटी को भी काशी स्टेशन से जोड़ा जाएगा। इसमें ढाई से तीन साल तक का समय लगेगा।" मंत्री ने राजघाट स्थित मालवीय पुल के निरीक्षण के दौरान कहा, "इस पुल की जगह अब गंगा पर नया पुल बनाया जाएगा। इस पुल पर रेलवे की चार लाइन और उसके ऊपर राजमार्ग के छह लेन बनेंगे।" वैष्णव ने कहा, "पिछले आठ सालों के विकास की देन है कि रेलवे में अब १२ किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से पटरियां बिछाई जा रही हैं। जब नई पटरियां बिछेंगी तो नई ट्रेन चलेंगी।" मंत्री ने कहा कि बनारस में बुलेट ट्रेन का सर्वेक्षण का काम चल रहा है तथा देश की पहली बुलेट ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलेगी जिससे बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बुलेट ट्रेन के और भी करिडोर बनाएं जाएंगे। वैष्णव शुक्रवार रात्रि बाबतपुर पहुंचे जहां वह सड़क मार्ग से बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के गेस्ट हाउस पहुंचे।

## प्रेम में असफल रहने पर छात्र ने की खुदकुशी

नोएडा। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के हल्द्वानी गांव में रहने वाले २३ वर्षीय छात्र ने मानसिक तनाव के कारण शुक्रवार को कथित रूप से खुदकुशी कर ली। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना ईकोटेक –३ क्षेत्र के तहत आने वाले हल्द्वानी गांव में रहने वाले प्रशांत शर्मा (२३) नामक युवक ने आज सुबह अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मीडिया प्रभारी के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि वह एक युवती से प्रेम करता था और प्रेम में असफल रहने पर उसने कथित रूप से अपनी जान दे दी।

## धनशोधन मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को ईडी ने किया गिरफ्तार

मऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ३० वर्षीय अब्बास अंसारी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ईडी कार्यालय में हुई लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि



उन्हें उनके पिता और परिवार के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। पिछले महीने, ईडी ने मुख्तार अंसारी की १.४८ करोड़ रुपये (रजिस्ट्री मूल्य) की सात अचल संपत्तियां कुर्क की थीं। पांच बार विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी (५६) इस समय उत्तर प्रदेश के बांदा की जेल में बंद हैं। ईडी ने पिछले साल इस मामले में उनसे पूछताछ की थी। एजेंसी ने अगस्त में उनके बड़े भाई और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद अफजाल अंसारी के दिल्ली स्थित सरकारी आवास और गाजीपुर, मोहम्मदाबाद (गाजीपुर जिले में), मऊ और लखनऊ में कुछ स्थानों पर छापेमारी की थी। उत्तर प्रदेश में मुख्तार अंसारी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं, जिनके सिलसिले में धनशोधन का यह मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा उनकी पत्नी और कुछ संबंधियों द्वारा संचालित (भागीदारी कंपनी) विकास कंस्ट्रक्शन के खिलाफ भी दो मामले दर्ज हैं। मुख्तार अंसारी कम से कम ४६ आपराधिक मामलों में ईडी की जांच के दायरे में हैं, जिनमें जमीन हथियाने, हत्या और जबरन वसूली के आरोप शामिल हैं। वह उत्तर प्रदेश में हत्या के प्रयास और हत्या सहित कई मामलों में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, अगस्त में गाजीपुर जिला प्रशासन ने कथित अवैध कमाई का उपयोग करके खरीदे गए मुख्तार अंसारी के १,६०१ हेक्टेयर और छह करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के दो भूखंडों को जब्त कर लिया था। जुलाई में उत्तर प्रदेश पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत अफजाल अंसारी की १४.९० करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली थी।

## सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने पर विचार कर रही है

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संकेत दिया कि केंद्र सरकार जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा



बहाल करने पर विचार कर सकती है। सीतारमण ने १४वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार केंद्र द्वारा राज्यों को धनराशि के वितरण के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए यह संकेत दिया। सीतारमण ने यहां केंद्र–राज्य संबंधों पर एक व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी हिचकिचाहट के २०१४–१५ में १४वें वित्त आयोग की इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया था कि सभी करों का ४२ प्रतिशत राज्यों को देना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा, ''उस वित्त आयोग ने कहा था कि अब आप इसे बढ़ाकर ४२ फीसदी कर दें। यानी केंद्र के हाथ में इससे कम धन राशि होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी हिचकिचाहट के वित्त आयोग की सिफारिश को पूरी तरह से स्वीकार कर लिया और इसीलिए आज राज्यों को ४२ प्रतिशत धन राशि मिलती है। जम्मू–कश्मीर को ४१ प्रतिशत धन राशि मिलती है, क्योंकि वह एक राज्य नहीं है। संभवतः जल्द ही इसका राज्य का दर्जा बहाल हो जाएगा।

## अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से, एक बच्चे की मौत, एक व्यक्ति घायल

सुलतानपुर। जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह टहलने निकला एक व्यक्ति अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप घायल हो गया जबकि उसके पोते की घटनास्थल पर ही मौत गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने रायबरेली–सुलतानपुर मार्ग जाम कर दिया लेकिन पुलिस के समझाने पर जाम खुल गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि धम्मौर थाना क्षेत्र के निवासी श्रीराम शर्मा (७०) व गोलू (१७)शनिवार सुबह टहलने निकले थे। दोनों मुख्य मार्ग पर कुछ ही दूर पहुंचे थे कि रायबरेली की ओर से आ रहे एक ट्रक ने इन्हें टक्कर मार दी और पलट गया। ट्रक की चपेट में आने से गोलू कुछ दूर जाकर गिरा और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद कस्बे के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और सड़क जाम करके प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा–बुझाकर रास्ता खाली कराया। जेसीबी के जरिए ट्रक को रास्ते से हटवा दिया गया।

## प्रिंस मार्केट की बिल्डिंग में भीषण आग

लखनऊ। यूपी में बीते कुछ घंटों के दौरान अलग–अलग स्थानों पर आग लगने की कई घटनाएं सामने आ गई है। अब यूपी की राजधानी लखनऊ के पॉश इलाके में आग लगने की खबर है।



लखनऊ के हजरतगंज में स्थित प्रिंस मार्केट की चौथी मंजिल में आग लग गई है। इसमें एक कोचिंग सेंटर चलाया जाता है। ऐसे में यहां कोचिंग में पढ़ रहे कई छात्रों के फंसे होने की खबर है। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां और पुलिस आग बुझाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार, प्रिंस मार्केट में गुरुवार सुबह ११ बजे आग लग गई। एक आरओ कंपनी के दफ्तर से लगी आग ने चौथी मंजिल, फिर तीसरी के साथ पूरी इमारत को ही अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही हजरतगंज फायर स्टेशन से टीम मौके पर पहुंची और बचाव राहत कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि, जिस वक्त बिल्डिंग में आग लगी उस वक्त कोचिंग सेंटर में बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई कर रहे थे जो आग की लपटें उठते देख घबरा गए और सीढ़ियों से नीचे की ओर दौड़ पड़े। आग की भयानकता और बिल्डिंग में मौजूद लोगों को खतरा देखते हुए मौके पर एसडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया है। आग लगने की सूचना पर मौके पर आधा दर्जन से ज्यादा दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग के बुझाने का प्रयास किया। फिलहाल कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। गनीमत ये है कि, अभी तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं आई है। पुलिस की शुरूआती जांच में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है।

## गोला गोकर्णनाथ उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार विजयी

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरीजिले की गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी अमन गिरि ने ३४ हजार से अधिक मतों से जीत हासिल कर ली है। यह सीट अमन के पिता अरविंद गिरि के निधन के कारण रिक्त हुई थी।आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, गिरि ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी (सपा) के विनय तिवारी को करीब ३४,२९८ मतों से पराजित किया। गिरि को कुल १,२४,८१० वोट मिले। वहीं, तिवारी को ९०,५१२ मत प्राप्त हुए। उपचुनाव जीतने के बाद अमन गिरि ने कहा कि वह अपने पिता के सपनों को पूरा करेंगे और क्षेत्र का विकास सुनिश्चित कराएंगे।



उन्होंने गोला गोकर्णनाथ को 'छोटी काशी' के रूप में विकसित करने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया अदा किया। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस ने इस उपचुनाव में अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। लिहाजा मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार अमन गिरि और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी विनय तिवारी के बीच ही माना जा रहा था। इससे पहले, मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे शुरू हुई। पीठासीन अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि मतगणना को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ५६ अधिकारियों को तैनात किया गया था। गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव के तहत पिछली तीन नवंबर को ५७.३५ फीसदी मतदान हुआ था।

## टक्कर के बाद कार में फंसी बाइक को घसीटा

गाजियाबाद। देश की राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद में रोड एक्सीडेंट के बाद एक कार चालक का हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है। इस वीडियो को देखने पर किसी के भी रौंगटे खड़े हो सकते हैं। बाइक को टक्कर मारने के बाद चालक कार में फंसी बाइक को किस तरह से बेखौफ होकर सड़क पर घसीटता ले जा रहा है और लोगों के रोकने पर भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इस घटना का वीडियो तो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा इस खौफनाक वीडियो ने सड़क पर चलने वाले सभी लोगों को दहला दिया है। बताया जा रहा है कि, पहले कार ने बाइक में टक्कर मारी। इससे बाइक सवार सड़क पर गिर गए और बाइक कार के बोनट में फंस गई। इसके बाद कार चालक ने कार को तेज स्पीड में भगाना शुरू कर दिया। इस घटना का वीडिया पीछे चल रहे बाइक सवार ने बना लिया। जिसे देखकर लोगों के होश उड़े हुए हैं। जानकारी के अनुसार, ये पूरी घटना गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके की बताई जा रही है। इसमें एक कार चालक ने सड़क पर गाड़ी चलाने की सारी हदें ही पार कर दी है। मंगल बाजार चौक के पास तेज रफ्तार कार करीब एक किलोमीटर तक बाइक को लेकर दौड़ती रही। इस घटना को जिसने भी आंखों से देखा होगा, वह अब सड़क पर चलने से तो घबराएगा जरूर। गनीमत ये रही कि, कार की टक्कर से बाइक सवारों को कोई चोट नहीं पहुंची लेकिन बाइ का कचूमर बन गया। इस घटना के बाद से इलाके के लोगों में आक्रोश है। यह तो रात का समय था जब रोड़ खाली थी अगर दिन होता तो पता नहीं क्या होता। जब कार चालक गाड़ी में फंसी कार को लेकर सड़क पर दौड़ा रहा था तब ऐसे चिंगारिया निकल रही थी मानों दिवाली पर चलाये जाने वाले जमीन चक्कर चलाए जा रहे हो।

## गायों को लावारिस छोड़ने पर प्रशासन सख्त

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में गायों को सड़कों पर लावारिस छोड़े जाने के मामलों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने हर गांव और हर घर में मवेशियों की गणना शुरू की है। एक अधिकारी ने बताया कि इस कवायद से मवेशियों की आबादी पर नजर रखने में मदद मिलेगी और यह पता लगाया जा सकेगा कि क्या किसी घर ने दूध देना बंद करने के बाद गायों को छोड़ दिया है और ऐसे परिवारों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्याम बहादुर सिंह ने रविवार को बताया कि सरकार ने गौशालाएं स्थापित की हैं, लेकिन कई परिवार अब भी अपने मवेशियों को इन गौशालाओं में ले जाने के बजाय सड़कों पर लावारिस छोड़ देते हैं। शाहजहांपुर में ५६ गौशालाएं हैं, जिनमें १२,६६६ गायें हैं। यहां चार और गौशालाएं बनाई जा रही हैं। सीडीओ ने बताया, मैंने (सरकारी) कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने–अपने इलाकों के ग्रामीणों से बात करें और उन्हें अपने मवेशियों को दूध देना बंद करने पर छोड़ने के लिए हतोत्साहित करें। सीडीओ ने कहा, एक गांव और घर में गायों की संख्या का पता लगाने के लिए एक सर्वेक्षण चल रहा है। इस दौरान ग्रामीणों से पूछा जाएगा कि क्या उन्होंने अपने मवेशियों में से किसी को दूध देना बंद करने के बाद खुला छोड़ दिया है। ऐसा करने वालों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेयी ने कहा कि छुट्टा मवेशी सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस थानों को निर्देश दिए गए हैं कि हादसों में घायल हुए लोगों के साथ–साथ घायल गायों का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिले में पशु तस्करों और गोहत्या में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। इस बीच, कई किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या पर अपनी व्यथा बयान की है। मिर्जापुर थाना क्षेत्र स्थित काकर कठा गांव के किसान सर्वेश कुमार कश्यप ने कहा, मेरे पास छह एकड़ जमीन है और मेरे परिवार में आठ सदस्य हैं। महिलाएं दिन में घर का काम करके फसलों की देखभाल करती हैं और पुरुष रात में छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करते हैं। छुट्टा पशुओं के झुंड को भगाने के लिए किसान अक्सर पटाखे फोड़ते हैं। आवारा मवेशियों के खतरे ने कई किसानों को फसलों के विकल्प अपनाने के लिए मजबूर कर दिया है। अल्लाहगंज क्षेत्र के मनिहार गांव के एक सीमांत किसान भगत कुमार शर्मा ने कहा कि कुछ साल पहले तक वह बड़ी मात्रा में चने और अरहर की खेती करते थे, लेकिन छुट्टा मवेशियों द्वारा इन फसलों को आसानी से बर्बाद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, अधिक से अधिक किसान अब केवल गेहूं, गन्ना और धान का विकल्प चुन रहे हैं। मीरानपुर कटरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि वह अपने गांव शिवरा से शाहजहांपुर शहर तक हर रोज ३५ किलोमीटर की यात्रा करते हैं और छुट्टा मवेशियों के कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाएं देखते हैं। उन्होंने कहा, अभी कुछ दिन पहले दो बैल



आपस में लड़ते हुए सड़क पर आए और मेरी कार को टक्कर मार दी, जिससे मैं और दो अन्य लोग घायल हो गए। शहमऊ क्षेत्र के किसान ध्रुव सिंह ने कहा, लखनऊ–शाहजहांपुर रोड पर मेरा एक भोजनालय है। मैं लगभग रोज सड़क दुर्घटनाओं में लोगों और छुट्टा मवेशियों को घायल होते देखता हूं। लखनऊ–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग और बरेली– कानपुर राज्य मार्ग से सटे मीरानपुर कटरा कस्बे की नगर पंचायत के कार्यकारी अधिकारी अवनीश कुमार गंगवार ने बताया कि छुट्टा जानवरों की वजह से रोजाना दो–चार दुर्घटनाएं होती हैं।

# अद्भुत मंदिर : भगवान शिव का वृहदेश्वर मंदिर

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

तमिलनाडु के तंजावुर में स्थित बृहदेश्वर मंदिर अपने आप में एक अद्भुत और रहस्यमयी संरचना है .चोल साम्राज्य के 'द ग्रेट लिविंग टेंपल्स' में से एक भगवान शिव को समर्पित वृहदेश्वर मंदिर को महान चोल शासक राजराज चोल प्रथम ने बनवाया था. इसे पेरिया कोविल, राजराजेश्वर मंदिर या राजराजेश्वरम के नाम से भी जाना जाता है. द्रविड़ वास्तुकला का बेहतरीन उदाकांचीपुरम स्थित पल्लव राजसिम्हा मंदिर को देखकर राजराज चोल के मन में भगवान शिव के एक विशालकाय मंदिर के निर्माण की इच्छा जागृत हुई. इसके बाद सम्राट ने सन् १००२ में इस मंदिर की नींव रखी . आश्चर्य की बात है कि आज से हजारों साल पहले इतना विशाल मंदिर मात्र ५–६ सालों में बनकर तैयार हो गया था. मंदिर में लिखे लेखों से यह प्रमाण मिलता है कि राजराज चोल ने अपने जीवन के १९वें साल सन१००१में इस मंदिर का निर्माण शुरू करवाया और सम्राट के २५वें साल सन१००६के २७५वें दिन इस मंदिर का निर्माण समाप्त हुआ. यह मंदिर द्रविड़ वास्ध्तुकला का बेमिसाल उदाहरण है जिसे देखकर आप आश्चर्य चकित रह जायेंगे. यह अपने समय की विश्व की विशालतम संरचनाओं में से एक गिना जाता था,१३ मंजिला बने इस मंदिर की ऊंचाई लगभग ६६ मीटर है. मंदिर भगवान शिव की आराधना को समर्पित है. करीब २१६ फीट की ऊंचाई वाले इस मंदिर को १३०,००० टन ग्रेनाइट के पत्थटरों से बनाया गया है. आश्च.र्य की बात यह है कि तंजौर में आस–पास ६० किमी तक न कोई पहाड़ और न ही पत्थमरों की कोई चट्टानें हैं. अब सवाल यह उठता है कि यह भारी–भरकम पत्थकर यहां आए कहां से और कैसे लाए गए. कहते हैं यहां ३ हजार हाथियों की मदद से इन पत्थगरों को यहां लाया गया था. पत्थ रों को जोड़ने में कोई सीमेंट, प्ला स्टरर, सरिया या फिर अन्यड किसी वस्तुम का प्रयोग नहीं किया गया है,बल्कि पत्थैरों को पजल तकनीक से आपस में जोड़कर तैयार किया गया है. मंदिर का मजबूत आधार इस प्रकार से तैयार किया गया है कि हजार साल बाद भी इतना ऊंचा मंदिर आज भी एकदम सीधा खड़ा है. मंदिर का गुंबद अपने आप में एक आश्चीर्य है. यह एक विशालकाय पत्थबर से बना है. जिसका वजन ८० टन से भी अधिक है. उस जमाने में जब कोई क्रेन या लिफ्ट वगैरह नहीं थी, इतने विशाल पत्थ र को कैसे स्थाकपित किया गया होगा ? मंदिर में विशालकाय शिवलिंग को भी स्थापित किया गया है..संभवतः इस कारण इसे बृहदेश्वर नाम दिया गया. मंदिर की खास बात एक यह भी है कि यहां भगवान शिव की सवारी कहलाने वाले नंदी बैल की भी विशालकाय प्रतिमा स्थापित है. इसे भी एक ही पत्थ र में से काटकर बनाया गया है. इसकी ऊंचाई १३ फीट है. वैसे तो भारत के सभी मंदिरों की वास्तुकला अपने आप में सर्वश्रेष्ठ है. लेकिन वृहदेश्वर मंदिर की वास्तुकला न केवल विज्ञान और ज्यामिति के नियमों का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है, बल्कि इसकी संरचना कई रहस्य भी उत्पन्न करती है. मंदिर का निर्माण द्रविड़ वास्तुशैली के आधार पर हुआ है. इस मंदिर के निर्माण में 'ग्रेनाइट' के चौकोर पत्थर के ब्लक्स को यानि आकार में घटते क्रम में एक–दूसरे के ऊपर इस प्रकार जमाया गया कि वो आपस में फँसे रहें. इसे साधारण भाषा में 'पजल टेक्निककहा गया. मंदिर का मुख्य भाग श्रीविमान कहलाता है जों लगभग २१६ फुट ऊँचा है. इसका मतलब हुआ कि पत्थर के ब्लॉक २१६ फुट तक जमाए गए.इस मंदिर से जुड़े कुछ रोचक तथ्य भी हैं, पहली बात तो यह है कि मंदिर के ५० किमी के दायरे में भी ग्रेनाइट उपलब्ध नहीं है तो इतनी मात्रा में ग्रेनाइट जहाँ से भी लाया गया होगा, निश्चित रूप से उस प्रक्रिया में खर्च हुई मेहनत और लागत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है. वृग्देश्वर मंदिर के श्रीविमान के ऊपर स्थित 'कुंभम' किसी आश्चर्य से कम नहीं है. आश्चर्य इसलिए कि कुंभम् भी एक ही पत्थर से निर्मित है और उसका वजन है ८१ टन अर्थात ८१,००० किग्रा. अंदाजा लगाइए कि इतना वजनी पत्थर लगभग २०० फुट की ऊँचाई तक पहुँचा कैसे? कहा जाता है इसके लिए भी एक ६ किमी लंबा 'रैम्प' बनाया गया था जिसकी सहायता से हजारों हाथी और घोड़ों ने कुंभम् को श्रीविमान के ऊपर स्थापित किया था. इस कुंभम् के ऊपर भी एक स्वर्ण कलश स्थापित किया गया है. वास्तव में यह मंदिर अद्भुत वास्तु कला का अद्भुत नमूना है।





## सेंट्रल स्टेशन व झकरकटी बस अड्डे के भिखारी गैंग से जुड़ रहे तार

कानपुर। नौकरी की आस में भीख मांगने वाले गिरोह के चंगुल में फंसकर यातनाएं सहने वाले सुरेश मांझी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सेंट्रल स्टेशन व झकरकटी बस अड्डे में भी कई भिखारी गैंग सक्रिय है। जिसके कहीं न कहीं तार सुरेश मांझी से जुड़े भी बताए जा रहे है। पुलिस की जांच में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। मूलरूप से बिहार के सिवान के गोरियाकोठी के पिपरा गांव निवासी रमेश मांझी कई सालों से छोटे भाई सुरेश के साथ में नौबस्ता के मछरिया में रहकर मजदूरी कर रहा है। करीब छह माह पहले गुलाबी बिल्डिंग के पास रहने वाले विजय नामक युवक ने सुरेश मांझी को नौकरी दिलाने का झांसा देकर गोरखपुर ले जाने के लिए उसे अपने साथ लेकर झकरकटी बस अड्डे के पास एक महिला के घर ले गया। जहां उसे बंधक बना लिया। इसके बाद उसकी आंख में केमिकल डाल दिया। जिससे उसकी आंखों की रोशनी जाती रही। बाद में उसे नई दिल्ली में राज नाम के आदमी को बेच दिया था। सुरेश भिखारी गैंग के चंगुल से मौका पाकर किसी तरह भाग निकला और कानपुर आ गया। पुलिस ने परिजनों की तरफ से विजय राज और एक अज्ञात महिला के खिलाफ अपहरण, मारपीट समेत संविधान संगीत धाराओं में मामला दर्ज कराया है। दूसरी ओर कानपुर सेंट्रल से झकरकटी बस अड्डे समेत कई चौराहों पर भिखारी गैंग सक्रिय है जो महिलाएं, आदमी छोटे–छोटे बच्चों से भीख मंगवाते हैं। ऐसे ही टाटमिल, विजय नगर, फजलगंज, जरीब चौकी, रामादेवी जाजमऊ समेत कई चौराहों छोटे–छोटे बच्चे विकलांग युवक भी भीख मांग रहे हैं। अगर पुलिस जांच करें तो कहीं ना कहीं सुरेश मांझी जैसे कई और पीड़ित जो मानव तस्करों के चंगुल में फंसे हुए हैं। वह भी सामने आएंगे। उधर, कानपुर पुलिस मानव तस्करों की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली रवाना हो गई है। मानव तस्करों के चंगुल में फंसे सुरेश मांझी को पुलिस जब कांशीराम लेकर पहुंची जहां उसे इलाज नहीं मिला है। इसके बाद पुलिस हैलट व उर्सला अस्पताल के चक्कर लगाती रहीं। इसके बाद भी इलाज नहीं मिलने पर भाई रमेश मांझी गुस्से में सिस्टम को कोस रहा था। उसने कहा कि यहां से ले चलो, चंदा कर प्राइवेट अस्पताल में भाई का इलाज करा लेंगे।



## थाना मौरावां अंतर्गत ११० लीटर कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

उन्नाव। अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में आज मौरावां थानाक्षेत्र अंतर्गत आबकारी निरीक्षण राजेश प्रताप सिंह ने थाना पुलिस के सहयोग से पुरव तहसील के कोरट गंज व अकोहरी गांव में दबिश देते हुए ११० लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए दो अभियुक्तों रोशन लाल पुत्र स्व. रंजन लाल निवासी कोरट गंज व नीलम पत्नी राम सजीवन को गिरफ्तार करते हुए थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

## आबकारी विभाग की छापेमारी में १८० लीटर कच्ची शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

उन्नाव। जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर छापेमारी कर इसमे संलिप्त लोगो को जेल भेजा जा रहा है। वही आज आबकारी विभाग ने बिहार और मौरावां थानाक्षेत्र अंतर्गत छापेमारी कर १८० लीटर कच्ची शराब बरामद कर तीन अभियुक्तों को पकड़कर जेल भेजा है। जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह ने बताया कि आज बिहार थानाक्षेत्र अंतर्गत केदारखेड़ा में दबिश देते हुए यहां से ७० लीटर कच्ची शराब बरामद कर मौके पर मिली दो भट्टी और ७५० किलो महुवा लहन नष्ट किया गया। वहीं इसमे संलिप्त एक महिला अभियुक्ता भुलाना पत्नी स्व. राजकुमार को गिरफ्तार किया गया।



# औरंगाबाद बेसिक विद्यालय में बच्चों से मिली प्रियंका चोपड़ा



लखनऊ। राजधानी में सोमवार को फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा संस्था यूनिसेफ के कार्यक्रम के लिए दो दिन के दौरे पर लखनऊ में हैं। सोमवार को उन्होंने स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली। वह सबसे पहले वह सुबह बिजनौर और औरंगाबाद बेसिक विद्यालय में शामिल हुईं। यहां उन्होंने बच्चों से शैक्षिक गुणवत्ता की बात करते हुए स्कूल में सुविधाओं कि जानकारी ली। प्रियंका चोपड़ा ने वहां उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं से मिलकर उनसे बात की और बच्चों के साथ सेल्फी लेती भी नजर आईं। इसके बाद एक्ट्रेस यूनिसेफ द्वारा आयोजित सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में १ सपोर्ट सेंटर १८१ आशा केंद्र के कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। बता दें कि एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा यूनिसेफ के ग्लोबल गुडविल की एम्बेसडर है।

# आलिया-रणबीर के घर नन्हे मेहमान का इंतजार

मुंबई। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर जल्द ही अपने पहले बेबी का वेलकम करने वाले हैं। जी हां



दोनों हॉस्पिटल पहुंच चुके हैं। वहीं दुसरी ओर कपूर खानदान में इस समय खुशी और एक्साइटमेंट का महोल है, क्योंकि उनके घर में किलकारियां गूंजने वाली हैं। हॉस्पिटल के बाहर कपल को देखकर फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। हर किसी को अब कपूर खानदान में नन्हे मेहमान के आने इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो आलिया भट्ट की डिलीवरी नवंबर में एचएन रिलायंस हॉस्पिटल में होनी है। ऐसे में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर को रविवार की सुबह भ्छ रिलायंस हॉस्पिटल पहुंचे। जहां एक ओर कपूर खानदान में नन्हें मेहमान का इंतजार है। वहीं रणबीर और आलिया को हस्पिटल जाता देख फैंस भी सुपर एक्साइटेड हो गए हैं। कपूर परिवार के साथ तमाम फैंसर भी नन्हे मेहमान का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




# हिट हुई पठान तो इसका पार्ट २ जरूर बनेगा : शाहरुख खान

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान का कहना है कि उनकी फिल्म पठान यदि हिट होती है तो इसका दूसरा पार्ट जरूर बनेगा। यशराज बैनर तले बनीं सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जन अब्राहम की मुख्य भूमिका है। शाहरूख ने कहा कि यदि फिल्म पठान दर्शकों को पसंद आती है तो वह इसके दूसरे पार्ट को बनाने के बारे में जरूर सोचेंगे। उनके साथ-साथ मेकर्स और फिल्म से जुड़े सभी एक्टर्स का मानना है कि यदि फिल्म पठान अडियंस को लुभाने में कामयाब होती है तो सब मिलकर इसके अगले पार्ट की तैयारियों में जुट जाएंगे। पठान २५ जनवरी, २०२३ को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# संजीव कुमार ने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई

मुंबई। बॉलीवुड में संजीव कुमार का नाम ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई। मुंबई में



०६ जुलाई १९३८ को एक मध्यम वर्गीय गुजराती परिवार में जन्मे संजीव कुमार बचपन से ही फिल्मों में नायक बनने का सपना देखा करते थे। इस सपने को पूरा करने के लिये उन्होंने फिल्मालय के एक्टिंग स्कूल में दाखिला लिया। वर्ष १९६२ में राजश्री प्रोडक्शन की निर्मित फिल्म आरती के लिये उन्होंने स्क्रीन टेस्ट दिया, जिसमें वह पास नहीं हो सके। संजीव कुमार को सर्वप्रथम मुख्य अभिनेता के रूप में उन्हें १९६५ में प्रदर्शित फिल्म निशान में काम करने का मौका मिला।वर्ष १९६० से १९६८ तक संजीव कुमार फिल्म इंडस्ट्री मे अपनी जगह बनाने के लिये संघर्ष करते रहे। फिल्म हम हिंदुस्तानी के बाद उन्हें जो भी भूमिका मिली वह उसे स्वीकार करते चले गये। इस बीच उन्होंने स्मगलर पति-पत्नी, हुस्न और इश्क, बादल, नौनिहाल और गुनहगार जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों मे अभिनय किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बक्स आफिस पर सफल नहीं हुई । वर्ष १९६८ मे प्रदर्शित फिल्म शिकार में संजीव कुमार पुलिस अफिसर की भूमिका में दिखाई दिए। यह फिल्म पूरी तरह अभिनेता धर्मेन्द्र पर केन्द्रित थी फिर भी संजीव अपने अभिनय की छाप छोड़ने में वह कामयाब रहे।इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये उन्हें सहायक अभिनेता का फिल्म फेयर अवार्ड भी मिला। वर्ष १९७० में प्रदर्शित फिल्म खिलौना की जबरदस्त कामयाबी के बाद संजीव कुमार ने नायक के रूप में अपनी अलग पहचान बना ली। वर्ष १९७० में ही प्रदर्शित फिल्म दस्तक में लाजवाब अभिनय के लिये उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष १९७२ मे प्रदर्शित फिल्म कोशिश में उनके अभिनय का नया आयाम दर्शकों को देखने को मिला। इस फिल्म में गूंगे की भूमिका निभाना किसी भी अभिनेता के लिये बहुत बड़ी चुनौती थी। बगैर संवाद बोले सिर्फ आंखों और चेहरे के भाव से दर्शकों को सब कुछ बता देना संजीव कुमार की अभिनय प्रतिभा का ऐसा उदाहरण था, जिसे शायद ही कोई अभिनेता दोहरा पाए।इस फिल्म में उनके लाजवाब अभिनय के लिये उन्हें दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। अभिनय में एकरूपता से बचने और स्वयं को चरित्र अभिनेता के रूप में भी स्थापित करने के लिये संजीव कुमार ने अपने को विभिन्न भूमिकाओं में पेश किया। इस क्रम में १९७५ में प्रदर्शित रमेश सिप्पी की सुपरहिट फिल्म शोले में वह फिल्म अभिनेत्री जया भादुडी के ससुर की भूमिका निभाने से भी नहीं हिचके। हालांकि संजीव कुमार ने फिल्म शोले के पहले जया भादुड़ी के साथ कोशिश और अनामिका में नायक की भूमिका निभाई थी। संजीव कुमार दो बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किये गए। अपने दमदार अभिनय से दर्शकों में खास पहचान बनाने वाला यह अजीम कलाकार ६ नवंबर १९८५ को इस दुनिया को अलविदा कह गया।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार

सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email- adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।


समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक